

vivo V50 | ZEISS

27mm f/1.88 1/100s ISO1083
01/27/2026, 11:21


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
उल्लास – नव भारत साक्षरता कार्यक्रम
THANK YOU





# डायट में हुआसभी के लिए शिक्षा के अंतर्गत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रमकार्यशाला का आयोजन



**बड़कोट/उत्तरकाशी( बद्री विशाल )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) बड़कोट, उत्तरकाशी में मंगलवार को आयोजित भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सभी के लिए शिक्षा के अंतर्गत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम मे जनपद उत्तरकाशी के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों के एक दिवसीय अभिमुखीकरण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आये प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक द्वारा प्रतिभाग किया गया द्य कार्यक्रम में एससीईआरटी देहरादून से आए राज्य समन्वयक डॉक्टर हरेंद्र अधिकारी के द्वारा प्रधानाचार्यों का कार्यक्रम के प्रति अभिमुखीकरण किया गया जिसमें जन जन साक्षरता हेतु स्वयंसेवकों और नवसाक्षर को किस प्रकार से कार्यक्रम में जोड़ा जाए जिससे कि उत्तराखंड राज्य 100 प्रतिशत साक्षरता प्राप्त हो सके के बारे में एक विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। यह कार्य एक शत प्रतिशत साक्षरता को प्राप्त करने की दिशा में एक नवाचारी प्रयास है जो नई शिक्षा नीति 2020 को धरातल विस्तारित करने के लिये भी अनिवार्य हैं कार्यशाला में प्राचार्य द्वारा भविष्य में कार्ययोजना निर्मित करने हेतु निर्देशित भी किया ,इस कार्यशाला का समन्वयन संस्थान के प्रवक्ता शांति रतूड़ी द्वारा किया। जिसमें उत्तरकाशी के जिला समन्वयक मनीष गुसाई , हेमू बिष्ट व डायट प्रवक्ता संगीता रावत ,बबीता सजवान , टीकाराम , गोपाल राणा आदि उपस्थित थे।